**प्रेस नोट 01- दिनांक 08.09.2024**

**थाना अचलगंज, जनपद उन्नाव**

# चोरी के 04 मोबाइल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी तथा क्षेत्राधिकारी बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा चोरी के 04 मोबाइल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 07.09.24 को वादी श्री गुलफाम पुत्र मोहम्मद खां नि0 ग्राम सुपासी डेरा थाना अचलगंज जिला उन्नाव द्वारा अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका मोबाइल उसके घर के बरामदे से चुराने के सम्बन्ध में थाना अचलगंज पर तहरीर सूचना दी थी प्राप्त तहरीर को आधार पर थाना अचलगंज पर मु0अ0सं0 287/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। आज दिनांक 08.09.2024 को उ0नि0 श्री लक्ष्मीनारायण द्विवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त अरुन पुत्र समसद नि0 ग्राम सुपासी डेरा थाना अचलगंज उन्नाव उम्र 19 वर्ष को कब्जे से 04 अदद एन्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अरुन पुत्र समसद नि0 ग्राम सुपासी डेरा थाना अचलगंज उन्नाव उम्र 19 वर्ष

## गिरफ्तारी करने वाली टीम

1उ0नि0 लक्ष्मीनारायण द्विवेदी
2. का0 प्रवीण चौरसिया
3.का0 ओमनरायण
4.का0 संजय भाटी



UNNAO POLICE

**प्रेस नोट 02- दिनांक 08.09.2024**

**थाना अचलगंज, जनपद उन्नाव**

## दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी तथा क्षेत्राधिकारी बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा दो वारंटी अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है।**

**संक्षिप्त विवरण-** आज दिनांक 08.09.2024 को उ0नि0 श्री हरिओम सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्तगण- 1.राजकिशोर पुत्र रामदुलारे 2. रामकिशोर पुत्र रामदुलारे नि0गण ग्राम गौरी त्रिभानपुर थाना अचलगंज उन्नाव सम्बन्धित एसटी नं0 560/21 अ0सं0 252/17 धारा 323, 504 भादवि व 3(1)द SC/ST एक्ट को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.राजकिशोर पुत्र रामदुलारे नि0 ग्राम गौरी त्रिभानपुर थाना अचलगंज उन्नाव।

2. रामकिशोर पुत्र रामदुलारे नि0 ग्राम गौरी त्रिभानपुर थाना अचलगंज उन्नाव।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम**

1.उ0नि0 हरिओम सिंह

2.का0 परमजीत



UNNAO POLICE

**प्रेस नोट 03- दिनांक 08.09.2024**

**थाना बांगरमऊ, जनपद उन्नाव**

## अनियमित जमा योजना के द्वारा ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी तथा क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा अनियमित जमा योजना के द्वारा ठगी करने का आरोपी को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** आज दिनांक 08.09.2024 को निरीक्षक मो0 नईम खा मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना बांगरमऊ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 169/2024 धारा 406/504/506 भादवि व 3/5/21/23 BUDS ACT में वांछित अभियुक्त अनवारुद्दीन उर्फ राजू पुत्र शहाबुद्दीन उम्र करीब 51 वर्ष निवासी मोहल्ला तालाब कस्बा गंज मुरादाबाद थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव को आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## अभियुक्त का विवरण

अनवारुद्दीन उर्फ राजू पुत्र शहाबुद्दीन निवासी मोहल्ला तालाब कस्बा गंज मुरादाबाद थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 51 वर्ष

## अपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 157/20 धारा 323/324/325/504/506 भादवि
2.मु0अ0सं0 169/2024 धारा 406/504/506 भादवि व 3/5/21/23 BUDS ACT
3.मु0अ0सं0 272/24 धारा 316(2)/318(4)/352 BNS
4.मु0अ0सं0 274/24 धारा 316(2)/318(4)/352 BNS
5.मु0अ0सं0 318/24 धारा 115(2)/191(2)/316(2)/318(4)/351(3)/352 BNS

## गिरफ्तारी करने वाली टीम

1. निरीक्षक मो नईम खा
2.हे0का0 महेन्द्र कश्यप



**प्रेस नोट 04- दिनांक 08.09.2024**

**थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव**

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 03.09.2024 को वादी मुकदमा की तहरीर पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 625/24 धारा 64 बीएनएस व 3/4 पास्को एक्ट पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 08.09.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार मिश्र मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त राजू पासी पुत्र शंकर पासी नि0 उम्मीदों का शहर काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र करीब 24 वर्ष को घर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## अभियुक्त का विवरण

राजू पासी पुत्र शंकर पासी नि0 उम्मीदों का शहर थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र करीब 24 वर्ष

## गिरफ्तारी करने वाली टीम

प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार मिश्र
का0 राजवीर सिंह थाना कोतवाली सदर उन्नाव
का0 मंजीत सिंह थाना कोतवाली सदर उन्नाव



**प्रेस नोट 05- दिनांक 08.09.2024**

**थाना हसनगंज, जनपद उन्नाव**

UNNAO POLICE

# ATM कार्ड चोरी कर खाते से रुपये निकालने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हसनगंज पुलिस द्वारा ATM कार्ड चोरी कर खाते से रूपये निकालने वाले दो अभियुक्तों को 47 हजार रूपये नकद व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** वादी मुकदमा के द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दिया गया कि दिनांक- 30.09.24 को मै एसबीआई एटीएम कस्बा हसनगंज में पैसा निकालने गया वही पर पहले से मौजूद अज्ञात व्यक्ति जिनका नाम मै नही जानता हूँ के द्वारा पैसा निकालते समय मेरे एटीएम का कोड देख लिया तथा मेरा एटीएम कार्ड चुरा लिया और धीरे से वहाँ से भाग गये जब मै घर गया तो मेरे मोबाइल में पैसा ट्रान्जक्शन का मैसेज आया तो मै दिनांक-02.09.24 को थाने पर आकर तहरीर देकर मु0अ0सं0-201/24 धारा 303(2)/318(4)/317(2) बीएनएस पंजीकृत कराया। थाना हसनगंज पुलिस द्वारा त्वारित कार्यवाही करते हुए कस्बा मोहान से हसनगंज की तरफ तथा अन्य रास्तो पर लगे सीसीटीवी कैमरों की चेकिंग की गयी कस्बा हसनगंज में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया तथा वादी मुकदमा से उक्त कैमरे में आ रहे दो व्यक्ति जो कि विक्रान्त मो0सा0 नं0 UP35AL 7468 से जा रहे थे की पहचान करायी गयी तो वादी मुकदमा के द्वारा पहचान किया गया तथा बताया गया कि यह वही व्यक्ति है जिन्होने मेरा एटीएम चोरी किया था तथा इन्ही के द्वारा मेरे खाते से पैसा निकाला गया है। दिनांक- 07.09.2024 को लखपेड़ा चौराहे के पास चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 1. शेखू सिंह उर्फ अभिषेक सिंह पुत्र विजय सिह नि0 पूरा चांद थाना औरास जनपद उन्नाव उम्र करीब 23 वर्ष 2. स्वप्निल सिंह उर्फ विशाल सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह नि0 पूरा चांद थाना औरास जनपद उन्नाव उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण के कब्जे से 47 हजार रूपया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल विक्रान्त नं0 UP35AL 7468 बरामद की गई।

## अभियुक्तगण का विवरण

1. शेखू सिंह उर्फ अभिषेक सिंह पुत्र विजय सिह नि0 पूरा चांद थाना औरास जनपद उन्नाव उम्र करीब 23 वर्ष
2. स्वप्निल सिंह उर्फ विशाल सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह नि0 पूरा चांद थाना औरास जनपद उन्नाव उम्र करीब 26 वर्ष

**बरामदगी का विवरण:-** जामा तलाशी से अभियुक्तगणों के कब्जे से 47 हजार रूपया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल विक्रान्त नं0 UP35AL 7468 बरामद किया गया।

## आपराधिक इतिहास

**शेखू सिंह उर्फ अभिषेक सिंह का आपराधिक इतिहास**

1.मु0अ0सं0-201/24 धारा-303(2)/318(4)/317(2) बीएनएस थाना हसनगंज जनपद उन्नाव।

**स्वप्निल सिंह उर्फ विशाल सिंह का आपराधिक इतिहास**

1.मु0अ0सं0-201/24 धारा-303(2)/318(4)/317(2) बीएनएस थाना हसनगंज जनपद उन्नाव।

2.मु0अ0सं0-65/24 धारा-406/411/420 आईपीसी थाना गोमती नगर जनपद लखनऊ

## गिरफ्तारी करने वाली टीम

1. उ0नि0 श्री अनिल कुमार साहू
2. हे0का0 रामपाल
3. का0 दीपक कुमार
4. का0 पंकज कुमार
5. का0 राजकुमार

